BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो शुभ लाभ भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 18 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी
भी समस्या या सुझाव के लिए
मो. 86888 68345 पर
संपर्क करें ।

# देश की छवि को धूमिल करने के लिए विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं राहुल : चुग



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जैसे मुद्दों को उछालकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की छवि खराब करने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

श्री चुघ ने एक बयान में कहा कि श्री गांधी मोदी सरकार को गिराने के लिए विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गंठबंधन का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास देश पर शासन करने के लिए लोकतांत्रिक बहुमत है।

उन्होंने कहा कि श्री गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने कई बार ईवीएम पर सवालिया निशान उठाए हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय की ओर से इस मामले को निर्णायक रूप से निपटाए जाने के बाद इस मुद्दे को उठाना शर्मनाक है।

भाजपा महासचिव ने इस मामले पर पक्षपातपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण बयान देने के लिए कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की भी जमकर निंदा की। उन्होंने कहा कि पहले भी श्री पित्रोदा ने गांधी परिवार के इशारों पर देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने की कोशिश की है। श्री चुघ ने कहा श्री गांधी और उनके प्रशंसक उन राज्यों में ईवीएम का मुद्दा क्यों नहीं उठाते, जहां उन्होंने चुनावी जीत हासिल की है। किसी न किसी आधार पर देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घूमिल और बदनाम करना कांग्रेस की दुर्भावनापूर्ण प्रवृत्ति बन गई है।




# बिहार सहयोग समिति तेलंगाना की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार सहयोग समिति तेलंगाना कि समीक्षा बैठक सोमवार को दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मल्काजगिरी में बिनय कुमार यादव कि अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के महासचिव सागर भगत ने बताया कि हम लोगों को प्रत्येक एरिया में एक कमेटी बनाई जानी चाहिए। कोषाध्यक्ष लल्लन मिश्रा और दीपक गुप्ता ने पूरा लेखा-जोखा पेश किया और सभी सदस्यों से ली हुई राशि को जल्द जल्द से जमा करने का निवेदन किया।

इस मौके पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश्वर भगत ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए कहा। इस मौके पर सेंट्रल कमेटी के जैन्त यादव ने बताया कि कुछ नए पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी जाए।

इस मौके पर अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, उपाध्यक्ष बिवेश झा, महासचिव सागर भगत, उपसचिव सुनील भगत, कोषाध्यक्ष लल्लन मिश्रा, दीपक गुप्ता, हरीश यादव, गोपाल भगत, पंकज यादव, पंचम भगत, बिनोद यादव, आंनद गुप्ता, सुनील ठाकुर, मनोज भगत, विकास यादव, संजय भगत, चंदन यादव, एवं भारी संख्या में युवा सदस्यों ने भाग लिया।

राजेश्वर भगत और जैन्त यादव ने आए हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है : विधायक हरीश बाबू



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिरपुर टी विधायक डॉ.पलवई हरीश बाबू ने सोमवार को हैदराबाद में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की विफलता उस घटना से स्पष्ट है जहां आसिफाबाद जिले के दहेगाम मंडल केंद्र की एक लड़की के साथ पेद्दापल्ली जिले के सुल्तानाबाद में क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से मजदूरी करने आए लोगों की जानकारी जुटाने में पुलिस विफल रही। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने गांजे के नशे में हिंसा की और जगह-जगह गांजे की उपलब्धता राज्य में कानून-व्यवस्था की गिरावट का कारण है।

उन्होंने मांग की कि आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा मौत की सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा, सरकारी नौकरी और सरकारी घर दिया जाए। इसके अलावा, राज्य के ग्रामीण इलाकों से लोग पलायन कर रहे हैं। शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार नहीं है। खेती लाभदायक नहीं है जिसके कारण स्थानीय लोगों को पलायन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बच्ची के साथ हुई हृदय विदारक घटना में सामाजिक और आर्थिक पहलू भी छिपे हैं और सरकार पलायन रोकने में विफल हो रही है। प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. शिलरेड्डी, सिरपुर जेडपीटीसी नीरेती सत्यनारायण और अन्य लोग शामिल रहे।

# विहंगम योग संत समाज का सत्संग आयोजित




**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विहंगम योग संत समाज हैदराबाद द्वारा सत्संग का आयोजन वरिष्ठ गुरु भाई रमाकांत अग्रवाल के निवास पर हुआ। सत्संग में स्वर्वेद महामंदिर धाम, वाराणसी से राष्ट्रीय प्रचारक संत किशनलाल जी ने विहंगम योग के विषय में नए जिज्ञासुओं को विस्तृत जानकारी दी एवं साधना करने से होने वाले लाभ बताए। सत्संग में सदगुरु के समर्पित शिष्य वरिष्ठतम गुरु भाई रतनलाल जाजू (काका जी), प्रदीप जाजू, सुभाष अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, सुशील अन्ने, ओमप्रकाश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, विरेंद्र मालपानी, जितेश अग्रवाल, आलोक अवस्थी, महेश दूबे, गुरु बहन किरण अग्रवाल, पूजा मालपानी एवं अन्य कई नए जिज्ञासु उपस्थित रहे। वंदना, आरती, शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ सत्संग का समापन हुआ।

# दुर्गम चेरुवु ब्रिज पर आत्महत्या की कोशिश कर रही महिला को पुलिस ने बचाया



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माधापुर यातायात पुलिस के समय पर हस्तक्षेप से सोमवार को दुर्गम चेरुवु केबल ब्रिज पर एक महिला की जान बच गई। 25 वर्षीय महिला को पैदल यात्रियों के लिए निर्धारित क्षेत्र में रेलिंग पर चढ़कर झील में कूदने का प्रयास करते देख यातायात पुलिस की गश्ती टीम पुल पर पहुंची। बाद में महिला को आगे के उपचार के लिए उनके वाहन में पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। पता चला है कि पुल पर पहुंचने से पहले महिला ने कुछ गोलियां खा ली थीं।

हालांकि महिला द्वारा आत्महत्या करने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि व्यक्तिगत या पारिवारिक मुद्दे इसके कारणों में से एक हो सकते हैं। पुलिस ने कहा कि काउंसलिंग के बाद महिला को उसके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा।



सोमवार को हैदराबाद में ईद-उल-फितर त्यौहार पर मुस्लिम श्रद्धालु नमाज अदा करते हुए।

# भारी बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त



## कई इलाकों में भरा पानी राहगीरों के लिए बना मुसीबत

हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। ग्रेटर हैदराबाद में सोमवार को भारी बारिश और तेज़ हवाओं ने कहर बरपाया है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है और निवासियों के लिए कई तरह की समस्याएँ खड़ी हो गई हैं। सोमवार दोपहर को मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण शहर के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जिसमें जुबली हिल्स, बंजारा हिल्स, खैरताबाद और कई इलाके शामिल हैं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने पूरे शहर में अलर्ट जारी किया है, जिसमें निवासियों से आग्रह किया गया है कि वे घर के अंदर ही रहें, जब तक कि कोई आपातकालीन स्थिति न हो।

मौसम विज्ञान केंद्र ने तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मानसून के फैलने के कारण अगले तीन दिनों तक लगातार बारिश की चेतावनी दी है।

भारी बारिश के परिणामस्वरूप, कई इलाकों में पेड़ों के तने टूट गए हैं, जिससे बाढ़ और बिजली की समस्याएँ पैदा हो गई हैं। शहर के कई इलाकों में यातायात जाम की भी सूचना मिली है।

# जगन्नाथ मंदिर अत्तापुर में जलाभिषेक कार्यक्रम 22 को



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जगन्नाथ मंदिर रामबाग अत्तापुर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव स्नान पूर्णिमा शनिवार 22 जून को धूमधाम से मनाई जायेगी। पूर्वान्ह 11.00 बजे काला हनुमान मंदिर गौशाला से भगवान जगन्नाथ स्वामी, सुभद्रा माई एवं बलभद्र भैया के जलाभिषेक के लिए 108 कलश जल बावड़ी से भरकर हरी कीर्तन के साथ महिलाओं एवं पुरुषो के सहयोग से जगन्नाथ मंदिर लाकर आप अपने हाथों से भगवान का जलाभिषेक मंत्रो के साथ संपन्न करवाएं।

अर्चना-अभिषेक पूजा आरती प्रसाद लेकर जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त कर आनंद की अनुभूति प्राप्त करें। पंडित सुरेश शर्मा ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि शनिवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे जगन्नाथ मंदिर आ जाएं। महिलाएं एवं पुरुष अपने घर से तांबा,पीतल या मिट्टी का लोटा अपने साथ लेकर ही आएं एवं पूजा के पश्चात ले जाएं। जो भाई-बहन इस आयोजन में सम्मिलित होना चाहते हैं वह अपना नाम अंकित करवाएं।

# विप्र फाउन्डेशन जोन–16 तेलंगाना की नई कार्यकारणी गठित

## हरिकिशन ओझा बने अध्यक्ष और रामदेव नागला महामंत्री



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विप्र फाउन्डेशन जोन–16 तेलगाना की 2024–2026 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन रविवार शाम को राजस्थानी स्नातक संघ आरजीए पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना में प्रारम्भ हुआ। महामंत्री महेश अवस्थी ने अपने कार्यकाल का ब्यौरा मंच से दिया तथा अध्यक्ष शिव सागर त्रिवेदी, महामंत्री महेश अवस्थी, मदनलाल व्यास ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिकिशन ओझा एवं महामंत्री रामदेव नागला को ससम्मान कार्यभार सौंपा। कार्यभार सम्भालने के बाद अध्यक्ष हरिकिशन ओझा ने सभी को धन्यवाद दिया व अपने सम्बोधन में अपने कार्यकाल के प्रथम चरण में तीन योजन–ाओं कि घोषणा की जिसमें प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह द्वितीय शिविर का आयोजन एवं संगठन का विस्तार तथा तीसरा तेलंगाना में 10 चैप्टर का शुभारम्भ करना। इसी क्रम में अध्यक्ष ने आज हैदराबा चैप्टर की घोषणा की व हैदराबाद चैप्टर के पदाधिकारियों के नाम कि घोषणा कर उनका सम्मान किया। जिसमे ग्रेटर हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत व्यास, मंत्री प्रदीप खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में भरत चाण्डा को निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष ने विप्र फाउंडेशन के द्वारा किये गए कार्यों एवं वर्तमान में किए जा रहे कार्यों पर बारीकी से एक एक योजना का वर्णन किया साथ ही अरुणाचल प्रदेश में भव्य रूप से बन रहे परशुराम कुंड का विस्तार से वर्णन किया व इस आयोजन में अपना सहयोग देने की अपील की साथ ही स्वयं ने अपनी तरफ से सहयोग राशी एक लाख इक्कीस हजार देने कि घोषणा की। इसी क्रम में सारस्वत समाज के दीपक सारस्वत व श्याम सुन्दर सारस्वत द्वारा भी एक लाख इक्कीस हजार कि राशि का सहयोग देने कि घोषणा की गई। तेलंगाना से इस योजना में सहयोग राशी बीस लाख का लक्ष्य रखा गया है। सभी भामाशाहों के सहयोग से अध्यक्ष ने बताया कि अतिशीघ्र सभी योजनाओ के संयोजक मण्डल की घोषणा कार्यकारिणी के विचार विमर्श के बात की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिनारायण व्यास, दक्षिण जोन के प्रभारी एव राष्ट्रीय मंत्री भगवान व्यास, राष्ट्रीय प्रतिनिधि केशव शर्मा एवं शिव सागर विवेदी का शाल द्वार द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में निवर्तमान मंत्री महेश अवस्थी एवं मदनलाल व्यास का स्वागत किया गया। आज की बैठक में अध्यक्ष के एजेंडे के हिसाब से अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम एवं पदों की घोषणा की गई। जिसमे गोविन्द मडी, पुरषोतम लाला, श्रीलाल पारिक, सुरेश शर्मा, जगदीश रूंथला को उपाध्यक्ष, रामदेव नागला को महामंत्री, दीपक पुरोहित, आनंद शर्मा, मुकेश शर्मा, गोपाल शर्मा को मंत्री एवं मदन गोपाल व्याम को कोषाध्यक्ष। हरिश्चंद्र बोहरा, अर्जुन थानवी को सह कोषाध्यक्ष, श्याम लाल शर्मा, अरविन्द नारनिया को सहमंत्री, उमेश शर्मा, सुनील व्यास को शिक्षा मंत्री, संदीप जायलवाल, राजगोपाल व्यास को प्रचार मंत्री, रामबाबू कौशिक, श्रवण कुमार दाधीच, श्रीनिवास रिणवा, गोकुलचंद उपाध्याय, श्रवण कुमार व्यास, राजकुमार जोशी, राम निवास पाराशर, विक्रम शर्मा, महेश अवस्थी, सुरेश गाँधी, सुरेश कुमार व्यास, भंवर लाल रिणवा, दीपक शर्मा, भभूत सिंह राजपुरोहित, टीकम पालीवाल, मदन लाल रावल, विजय कुमार व्यास, जगदीश रूंथाला, किरण व्यास, हेमलता शर्मा को कार्यकारिणी सदस्यमनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ में अमिता जोपट, लता मिश्रा, सरस्वती नागौरी, मल्टी शर्मा, परमेश्वरी ओझा, शोभा उपाध्याय, नित्या पारीक, अलका दाधीच को मनोनीत किया गया। लक्ष्मी निवास शर्मा, डॉ. ए के पुरोहित, श्रीकिशन शर्मा, छगनलाल शर्मा, श्रीनिवास पंडित, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, सोहन ला दायमा, गणेश लाल जोशी, घनश्याम सूंठवाल, भागीरथ तिवारी,जयप्रकाश जोशी को परामर्शदाता के रूप में मनोनीत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधि ने आज की बैठक को सम्बोधित किया एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नवगठित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के पश्चात बैठक के समापन की घोषणा कि गई।

# त्रिदण्डी श्रीनिवासा रामानुज व्रतधर जियर स्वामी परम पद को प्राप्त




**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीताराम झिरा स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ के मठाधीपति श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीनिवासा रामानुज व्रतधर जियर स्वामी सोमवार को रात्रि करीब 8.30 बजे परम पद को प्राप्त हुए।श्री जगन्नाथ स्वामी मठ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ती मे श्री जगन्नाथ स्वामी मठ सीतारामबाग उत्तराधिकारी श्री अच्युत रामानुजाचार्य ने बताया कि श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीनिवासा रामानुज व्रतधर जियर स्वामी का 79 वर्ष की उम्र मे मासाब टैंक स्थित महावीर हॉस्पिटल मे निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्रीनिवास जियर स्वामी ने कई वर्षो तक अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप मे अपनी सेवाएं दी। वे श्री जगन्नाथ मठ–माधवदास जीरा, सीतारामबाग हैदराबाद, श्री जगन्नाथ स्वामी वृद्धाश्रम, श्री जगन्नाथ स्वामी गौ सेवा संस्थान, श्री जगन्नाथ गुरूकुल वेद विद्यालय, श्री मन्नारायण शरणागति सेवा ट्रस्ट, श्री रंगनाथ मंदिर नैमिशरणधाम (उ.प्र.) आदि संस्था के संरक्षक के रूप मे जुडे थे।स्वामी जी के परम पद के समाचार से नगरद्वय ही नही बल्की समस्त भारत देश के समस्त सनातन हिन्दू समाज मे शोक की लहर दौड पडी। लव फॉर काऊ फाउण्डेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि स्वामीजी सनातन धर्म के एक अनमोल रत्न थे उनके निधन से एक अपूर्णिय क्षती हुई है। जियर स्वामीजी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्तित्व थे।

उत्तराधिकारी श्री अच्युत रामानुजाचार्य ने कहा कि त्रिदण्डी व्रतधर रामानुज जियर स्वामी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण मे सर्वजन हिताय के संकल्प के साथ अनेको कथायें, महायज्ञ एवं धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजन सम्पन्न हुए। उनके अंतिम दर्शन मंगलवार को सुबह 10.30 बजे तक सितारामबाग झिरा स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ मे किये जा सकेंगे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12.15 बजे मठ के प्रांगण में होगा।



राजस्थानी स्नातक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीएस द्वारकाप्रसाद असावा, मंत्री सीए अमित झंवर, कोषाध्यक्ष सीए संदीप झंवर, उपाध्यक्ष गोपालदास सारडा, सुमेश कुमार बंग, सहमंत्री अनिरुद्ध कांकाणी, कार्यकारिणी सदस्य सीए मनीष जोशी, सीए जगदीश भट्टड़, दीपक बंग, जितेन्द्र विजयवर्गीय को तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान करते हुए अध्यक्ष रमेश कुमार बंग, एवं प्रकाश नारायण राठी।

# दीपक चिंडालिया वाल्मीकि महासभा हैदराबाद के अध्यक्ष बने



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुराना पुल अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के तेलंगाना अध्यक्ष किशन लाल के निवास स्थान पर महासभा की ओर से एक सभा का आयोजन किया गया। सभा अध्यक्ष किशन लाल ने कहा कि इस सभा में कवि दीपक चिंडालिया वाल्मीकि को महासभा की सर्वसम्मति से हैदराबाद प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सभा के महासचिव अशोक कुमार ने किया। महासभा के चेयरमैन देवेंद्र सिंह राणा ने शाल और पुष्पमाला से हैदराबाद अध्यक्ष नियुक्त किये जाने दीपक चिंदलिया को सम्मानित किया बधाई ओर हार्दिक शुभकामनाएं दी। कारमबीर, बाबू लाल, रमेश, राजेंद्र, राजू, पापू, रमेश, प्रवीं जी, विजेंदर, बब्ला, अर्जुन, तरजां, राकेश ने महासभा के सभी पधाधिकारियों ने दीपक चिंदलिया वाल्मीकि को शुभकामनाएं दी।

# निजी कॉरपोरेट स्कूल अभिभावकों का शोषण बंद करें : दीपक कुमार

## किताबों, यूनिफॉर्म के नाम पर छात्रों के अभिभावकों से जबरन वसूली

## निजी कॉरपोरेट स्कूल सरकारी नियमों का पालन नहीं करते



**बेल्लमपल्ली, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में निजी कॉरपोरेट स्कूल छात्रों के अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उन निजी कॉर्पोरेट स्कूलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए जो तेलंगाना सरकार के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। अन्यथा एबीवीपी ने चेतावनी दी कि वे जिले के निजी कॉरपोरेट स्कूल में लूटपाट बंद करवा देंगे। एक ओर जहां निजी कॉरपोरेट स्कूलों में छात्रों के अभिभावकों का शोषण बंद नहीं हो पा रहा है, वहीं सरकार ने किताबें, यूनिफॉर्म और स्टेशनरी न बेचने का आदेश जारी कर दिया है। एबीवीपी सवाल कर रही है कि जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी क्या कर रहे हैं ? छात्रों की उम्र से ज्यादा भारी वजन किताबे उठा रहे छात्रों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। एबीवीपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक कुमार ने मांग की है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी नींद की लत से छुटकारा पाएं और सरकारी नियमों का पालन नहीं करने वाले निजी कॉरपोरेट स्कूलों पर तुरंत कार्रवाई करें।

# कादंबिनी क्लब हैदराबाद की 30 वीं वर्षगांठ गोष्ठी एवं सम्मान समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कादम्बिनी क्लब हैदराबाद के तीन सौ तिरासवीं मासिक गोष्ठी क्लब की साहित्यिक यात्रा की 30वें वर्ष के समापन और 31वें वर्ष में पदार्पण के रूप में रविवार को क़ीमती सभागार राम कोट में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए डॉ अहिल्या मिश्र क्लब अध्यक्ष एवं जैन रत्न मीना मुथा कार्यकारी संयोजिका ने संयुक्तरूप से आगे बताया कि इस अवसर पर डॉ अहिल्या मिश्र, प्रो शुभदा बांजपे (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, उस्मानिया वि वि), डॉ अनिल सुलभ. मुख्य अतिथि (अध्यक्ष, हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना बिहार), प्रो ऋषभदेव शर्मा, मुख्य वक्ता (परामर्शी (हिंदी) दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, मानु), डॉ संगीता व्यास, वक्ता, असिस्टेंट प्रो. उ वि वि), मंचासीन हुए। अतिथियों ने माँ सरस्वती की छवि के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। स्वर कोकिला शुभ्रा मोहंती ने सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

डॉक्टर अहिल्या मिश्र ने स्वागत भाषण देते हुए क्लब की परिकल्पना और स्थापना दिवस दो जून 1994 की यादों को साझा किया कि किस तरह से भीषण गर्मी में डॉ राजेन्द्र अवस्थी, योगेंद्र बाछोतिया, डॉ सरोजनी प्रीतम, प्रो इंदू वशिष्ठ एवं शहर के गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति में कादंबिनी क्लब की हैदराबाद शाखा उद्घाटित हुई। तब से लेकर अब तक सभी को साथ लेते हुए आज़ तीन दशक क्लब ने पूर्ण कर लिया है। उन्होंने मंचासीन अतिथियों का परिचय देते हुए डॉ अनिल सुलभ के संबंध में बताया कि वे हिन्दी साहित्य के ऐसे योद्धा हैं जिन्होंने लगभग 5000 नई पीढ़ी के साहित्यकारों का निर्माण किया है।

मंचासीन अतिथियों का शॉल माला से सम्मान करने के उपरांत प्रवीण प्रणव ने कादंबिनी क्लब के 30 वर्षों की यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि 1994 में एजीआई का बाईसवाँ अधिवेशन हुआ और कई शहरों में क्लब की शाखाएं खोली गयी जिसमें हैदराबाद भी एक था। क्लब की संस्थापक अध्यक्ष डॉ अहिल्या मिश्र ने महिलाओं को गोष्ठियों में उपस्थिति आसान हो इसलिए दिन के समय में ही संगोष्ठियों व काव्य गोष्ठी का नियम बनाया। गोष्ठियों की निरंतरता, साहित्यिक कृतियों का लोकार्पण, सोशल मीडिया, राष्ट्रीय स्तर उपस्थिति, रजत जयंती समारोह, ऑनलाइन देश विदेश के साहित्यकारों से भेंट आदि उपलब्धियां एवं क्लब के कार्यों को उन्होंने सभा के सम्मुख रखा।

तत्पश्चात कविता कहाँ जा रही है विषय पर संगोष्ठी आरंभ हुई जिसका विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ अहिल्या मिश्र ने कहा कि वाल्मीकि और तुलसीदास जी ने लोक भाषा का उपयोग करते हुए अपने भावों को प्रवाहित किया था। आज भी कविता हृदय में समाहित होती है तो रचनाकार का प्रयास निश्चित ही फलीभूत होता नज़र आता है। डॉ संगीता व्यास ने आदि काल से लेकर वर्तमान समय में कविताओं की स्थिति परिस्थिति बताई और कहा कि आज हम क़लम और किताब से दूर होते जा रहे हैं। कविता परिवर्तित हो रही है। अतः हमें चिन्तन करना होगा। प्रो ऋषभ देव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा हम संप्रेषण के युग में जी रहे हैं। कविता को ग्लैमरस करेंगे तो कविता कविता नहीं रहेगी। इक्कीसवीं सदी की कविता बदल रही है। हमें अपने साहित्य की कसौटी बदलनी है। कविता अपनी जगह यथा स्थित है बल्कि हम कविता के निकट नहीं जा पाते हैं। डॉक्टर अनिल सुलभ ने कहा कि कविता, साहित्य, संगीत ऐसे प्राण तत्व हैं जो मनुष्यता को सिंचित करते हैं। वेदना का संबंध सीधे दिल से है। साहित्य केवल दर्पण नहीं, दिग्दर्शक है। पूर्व में हमारे ऋषि मुनि नहीं होते तो आज हमारे हाथ कुछ भी न होता। वाल्मिकी न होते तो कौन जानता राम को। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो शुभदा बांजपे ने कहा कि सम्पूर्ण हिन्दी काव्य का इतिहास आज के विषय में समाहित है। पंच कलाओं का काव्य शास्त्र बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए भौतिक उपकरणों की ज़रूरत नहीं होनी होती। आज की कविता में संप्रेषणीयता बाधित हो रही है। कविता में सिर्फ मनोरंजन का कर्म ही नहीं उपदेश का भी मर्म होना चाहिए। सभी वक्ताओं ने क्लब को इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। हैदराबाद के वरिष्ठ रचनाकार विनीता शर्मा, नरेंद्र राय नरेन, वेणु गोपाल भट्टड, शांति अग्रवाल, पुष्पा वर्मा का उनके पचहत्तर वर्ष पूरे करने पर और साहित्यिक योगदान को ध्यान में रखते हुए मोमेंटो,शॉल और माला से सम्मानित किया गया।

साथ ही डॉ टी सी वसन्ता एवं जैन रत्न मीना ललित मुथा को जैन रत्न की उपाधि से अलंकृत होने पर क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। सभी सम्मान ग्राहिताओं ने अपने भाव व्यक्त किए। सत्र का संचालन शिल्पी भटनागर ने किया। और डॉ सुरभि दत्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दूसरे सत्र में प्रो ऋषभ देव शर्मा ने अध्यक्षता की। नरेंद्र राय नरेन, डॉ अहिल्या, डॉ गंगाधर वानोडे विशेष अतिथि, वेणुगोपाल भट्टड, डॉ अनिल सुलभ मंचासीन हुए। डॉ वानोडे को क्लब की ओर से सम्मान किया गया। डॉ आशा मिश्रा द्वारा पुष्पक साहित्यिकी का परिचय देने के उपरांत पत्रिका का लोकार्पण डॉ अनिल जी के कर कमलों से हुआ। सत्र का संचालन तृप्ति मिश्रा ने किया। काव्य गोष्ठी में उषा शर्मा, सरिता दीक्षित, नरेंद्र राय नरेन, वेणुगोपाल भट्टड अजित गुप्ता, गीता अग्रवाल, पुष्पा वर्मा, बी के अग्रवाल उमासोनी, डॉ स्वाति गुप्ता, वर्षा शर्मा, सीताराम माने, पुरुषोत्तम कड़ेल, चन्द्र प्रकाश दायमा, तृप्ति मिश्रा, सूरज कुमारी, मीरा ठाकुर, श्री पूनम जोधपुरी, डॉ आशा मिश्रा, जी परमेश्वर, डॉ जय प्रकाश नागला (नांदेड),डॉ रमा द्विवेदी, डॉ सुषमा देवी, मोहित, प्रवीण प्रणव, शिल्पी भटनागर, राजीव कुमार सिंह नयन, डॉ अहिल्या मिश्र, शोभा देशपांडे आदि ने काव्य पाठ किया। डॉ वानोडे एवं डॉ अनिल सुलभ ने काव्य प्रस्तुति दी। प्रो ऋषभ देव शर्मा ने अध्यक्षीय काव्य पाठ किया। सुहास भटनागर, रवि वैद, डॉ सुमनलता, डॉ जयश्री, दर्शन सिंह, श्रुतिकांत भारती, के राजन्ना, पुलिन अग्रवाल, दीपा कृष्णदीप देवा प्रसाद मायला, जितेंद्र प्रकाश, दीपक कुमार दीक्षित, सत्यनारायण काकड़ा, शशि राय आदि की उपस्थिति रही। डॉ सुषमा देवी ने सत्र का धन्यवाद ज्ञापित किया और संयोजिका डॉ रमा द्विवेदी ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। अवसर पर सुरुचि भोज की व्यवस्था की गई थी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत





**नलगोंडा, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रविवार रात जिले के मोथे मंडल के तुम्मलपल्ली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से 32 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंदा उपेन्द्र के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, उपेन्द्र ममिलागुडेम गांव से आ रहे थे, तभी एक रेत से भरे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक बिना रुके भाग निकला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सूर्यापेट सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। पुलिस ट्रैक्टर चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

# बिजली समस्या पर कांट्रेक्टर बस्ती वासियों ने डीई को सौंपा ज्ञापन

**बेल्लमपल्ली, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानीय बाजार क्षेत्र के कांट्रेक्टर बस्ती वासियों ने बेवजह समय–बेसमय बिजली की कटौती स्ट्रीट लाइट की पूर्ण व्यवस्था के लिए सोमवार को बस्ती वासियों ने स्थानीय सबस्टेशन कार्यालय में डीई को ज्ञापन सौंपा। डिवीजन अधिकारी के समक्ष सब स्टेशन पर आयोजित एक सार्वजनिक संबोधन में कहा कि संपर्क में मुख्य लाइन कॉल टेक्स्ट सब स्टेशन के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जानी चाहिए,बेल्लमपल्ली




शहर के बाजार क्षेत्र में रेवंत रेड्डी सेना के राष्ट्रीय महासचिव कोलीपाका श्रीनिवास, कांग्रेस आई पार्टी के नेता कोंडा बत्तिनी राममोहन ने रामा टॉकीज में सार्वजनिक भाषण दिया।

इस कार्यक्रम में बनोथ राजन्ना, डिविजनल इंजीनियर (डीई) ने लाइट लगाने के विशेष अनुरोध का जवाब दिया और बिजली अधिकारियों को तुरंत स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश जारी करने के लिए बस्ती वासियों ने आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस और इंडी गिरोह को चुनाव आयोग ने लताड़ा

## अफवाहें फैलाने वालों पर हो रही है कार्रवाई




**नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसियां)।** ईवीएम को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि ईवीएम मशीन एक स्टैंडअलोन मशीन है। इसे किसी ओटीपी की जरूरत नहीं पड़ती और न ही इसमें किसी तरह से इंटरनेट या कोई तकनीक हस्तक्षेप कर सकता है। यही वजह है कि ईवीएम हैकिंग प्रूफ है। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम को शुरू करने के लिए किसी तरह के ओटीपी की जरूरत नहीं पड़ती। इस तरह की अफवाह फैला रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

मुंबई उपनगर की जिला कलेक्टर वंदना सूर्यवंशी ने ईवीएम पर जारी विवादों को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईवीएम पर गलत खबर फैलाई गई है और सारे आरोप बेबुनियाद हैं। ईवीएम किसी मशीन से जुड़ा हुआ नहीं होता है। ईवीएम से जुड़े राहुल गांधी के ट्वीट पर उन्होंने कहा, जो खबर चल रही है, वह गलत है। ईवीएम के लिए किसी ओटीपी की जरूरत नही होती है, बल्कि रिजल्ट बटन प्रेस करके काम होता है। चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर अपनी पूरी प्रक्रिया का पालन किया है। एलन मस्क की बिना सोचे-समझे नकल कर रहे राहुल गांधी ने कहा था कि ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई थीं। राहुल के पीछे-पीछे अखिलेश भी ईवीएम पर बोले और प्रागैतिहासिक काल की मतपत्र प्रणाली लागू करने की मांग कर बैठे।

इस आरोपों पर चुनाव आयोग ने सख्त जवाब पेश करते हुए कहा, कुछ लोगों को हमने डाटा अपलोड करने के लिए मोबाइल ले जाने की इजाजत दी थी। लेकिन उस संबंधित व्यक्ति तक वह मोबाइल कैसे गया, उस पर हमने खुद भी एफआईआर दर्ज कराई है और मामले की जांच की जा रही है। किसी को सीसीटीवी नहीं मिलेगा, जब तक कि कोर्ट का ऑर्डर नहीं होता है।

## सोशल मीडिया पर भारतीय लड़कियों के नाम की आईडी से

# भारत के वैज्ञानिकों और सैनिकों को फंसा रही आईएसआई



**नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसियां)।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूस भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और सैनिकों को निशाना बना रहे हैं। आईएसआई जासूस भारतीय लड़कियों के नाम से सोशल मीडिया पर आईडी बना कर इन वैज्ञानिकों को हनीट्रैप कर रहे हैं। हाल ही में जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा पाए ब्रम्होस मिसाइल के इंजीनियर निशांत अग्रवाल के साथ भी ऐसा ही हुआ था।

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर सेजल कपूर, नेहा शर्मा, पूजा रंजन, अनामिका शर्मा और अदिति अग्रवाल जैसे भारतीय नामों से फर्जी आईडी बनाते हैं और भारत के संवेदनशील प्रतिष्ठानों में तैनात वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और सैनिकों को फर्जी प्रेम-जाल में फंसाते हैं। आईएसआई के झांसे में आने वाले निशांत अग्रवाल ने भी ऐसे ही एक अकाउंट पर भरोसा किया था। निशांत अग्रवाल ने सेजल नाम की एक फेसबुक आईडी पर भरोसा करके बातचीत चालू की थी। सेजल नाम का यह अकाउंट पाकिस्तान से चलाया जा रहा था। सेजल नाम के अकाउंट के जरिए आईएसआई एजेंट पाकिस्तान में बैठे अपने सरगनाओं और भारतीय सुरक्षा कर्मियों और वैज्ञानिकों से लगातार बातचीत कर रहा था। सेजल नाम से आईएसआई एजेंट ने निशांत अग्रवाल को हनीट्रैप में ले लिया था।निशांत अग्रवाल प्रकरण का खुलासा करने वाली उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को इस मामले में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। यूपी एटीएस ने बताया है कि सेजल नाम का यह अकाउंट साइबर अटैक की योजना भी बना रहा था। सेजल ने खुद को इंग्लैंड की एक कम्पनी की एचआर अधिकारी बताया कर निशांत को पटाया था। निशांत अग्रवाल को सेजल ने बताया था कि वह हेस एविएशन नाम की एक कम्पनी के लिए लोगों को भर्ती कर रही है। इन दोनों की अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से भी बातचीत हुई थी। इस दौरान निशांत अग्रवाल के लैपटॉप पर सेजल ने कुछ सॉफ्टवेयर डलवाए थे। इनके नाम क्यूव्हिस्पर, चैट टू हायर और एक्स ट्रस्ट थे।

सेजल ने बताया था कि यह भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा है। असल में यह सॉफ्टवेयर, वायरस थे जो निशांत अग्रवाल के लैपटॉप से डाटा चुराने के काम आते थे। निशांत अग्रवाल के लैपटॉप में ब्रह्मोस से जुड़ा गोपनीय डाटा था, जिसे पाकिस्तानियों ने इन सॉफ्टवेयर के जरिए चुरा लिया। पाकिस्तानी जासूसों ने वायुसेना के भी दो पूर्व कर्मचारियों से भारतीय सुरक्षा व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी जुटाने की कोशिश की थी लेकिन इसमें वह सफल नहीं हुए थे। इनसे भी फर्जी फेसबुक आईडी के जरिए ही जानकारियां जुटाए जाने का प्रयास किया जा रहा था। लखनऊ के एक पूर्व वायुसेना कर्मचारी के साथ यह प्रयास किया गया था।

गौरतलब है कि निशांत अग्रवाल को 2018 में उत्तर प्रदेश एटीएस ने गिरफ्तार किया था। वह भारत के महत्वपूर्ण रक्षा कार्यक्रम ब्रह्मोस का हिस्सा था। यहां वह एक सीनियर सिस्टम इंजीनियर था। उसे नागपुर में चले मुकदमे में गोपनीय जानकारियां साझा करने का दोषी पाया गया है। उसे हाल ही में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

# अमित शाह ने मणिपुर में हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राज्य में हिंसा की कोई और घटना न हो तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्रीय पुलिस बलों की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जानी चाहिए।

श्री शाह ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा के बाद यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए और केन्द्र सरकार आवश्यकता पड़ने पर इससे भी ज्यादा केंद्रीय पुलिस बलों को भेजने के लिए तैयार है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राहत शिविरों की स्थिति, विशेष रूप से भोजन, पानी, दवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उचित उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापितों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उनके पुनर्वास का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने मौजूदा जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों, मैतेई और कुकी से बात करेगी ताकि दोनों समुदायों के बीच की खाई को पाटा जा सके। केन्द्र सरकार राज्य में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने में मणिपुर सरकार का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। बैठक में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, केंद्रीय गृह सचिव, खूफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार, असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सेना तथा गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि मणिपुर में करीब एक वर्ष पहले शुरू हुई जातीय हिंसा के कारण उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति अभी भी जारी है। केंद्र सरकार के तमाम दावों और कदमों के बावजूद राज्य में स्थिति सामान्य नहीं है और विपक्षी दल इस मुद्दे पर सरकार को लगातार घेरते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी हाल ही में केंद्र सरकार से मणिपुर में स्थिति सामान्य बनाने के लिए कदम उठाने को कहा है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी को मणिपुर की तनावपूर्ण स्थिति का खामियाजा उठाना पड़ा है और राज्य की दोनों लोकसभा सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा है। राज्य की दोनों सीट मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जीती हैं।

# झारखंड में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार इनामी नक्सली मारे गए



**रांची,17 जून (एजेंसियां)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के गुवा थाना क्षेत्र के लिपुंगा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 10 लाख रुपए के इनामी जोनल कमांडर समेत 4 नक्सली मारे गए।

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने आज यहां मीडिया को बताया कि एक जोनल कमांडर, सबजोनल कमांडर और एक एरिया कमांडर के साथ-साथ एक महिला नक्सली को भी मार गिराया गया। इसके अलावा एक महिला नक्सली समेत 2 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शवों के पास से हथियार और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई है। सुरक्षा बल सोमवार को सर्च ऑपरेशन चला रहे थे तभी घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी तत्काल मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में 4 नक्सली ढेर हो गए। नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। घायल नक्सलियों में एक एरिया कमांडर और एक हार्डकोर महिला नक्सली शामिल है।

मारे गए नक्सलियों की पहचान जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, सबजोनल कमांडर कांडे होनहागा उर्फ दिरशुम, एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम और महिला नक्सली कैडर जुनगा पुर्ति उर्फ मारला के रूप में हुई है। मारला को छोड़कर सभी मारे गए नक्सलियों पर पुलिस ने इनाम की घोषणा कर रखी है।

# यह मध्यप्रदेश है, हैदराबाद नहीं, ओवैसी पर भड़के सीएम मोहन यादव

**भोपाल, 17 जून (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा है। उन्होंने ओवैसी पर धर्म के आधार पर राजनीति कर दो समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओवैसी ऐसा करके न महज खुद को, बल्कि अपने लोगों को भी लज्जित करते हैं। ओवैसी की इस हरकत से दुखी होकर अब उनके लोग ही उनसे दूरी बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, ओवैसी हमेशा ही अपने सियासी फायदे के लिए दो वर्गों की बात करते आए हैं। वो हमेशा अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के बारे में सोचते हैं। उनकी इसी फितरत से आजिज होकर अब उनके लोग ही उनसे दूरी बना रहे हैं। सीएम यादव ने कहा, मैं आपको एक बात कह देना चाहता हूं कि संविधान की दृष्टि में सभी नागरिक एक समान हैं। हमारा संविधान किसी के भी साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव की इजाजत नहीं देगा। हर किसी के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का प्रावधान हमारे संविधान में दिया गया है, लेकिन कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए हर चीज को मजहब का रूप देते हैं, जिनमें ओवैसी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। सरकार संविधान के आधार पर चलती है। सीएम ने कहा, अपराधी कोई भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और कानून के अनरूप सभी को चलना होगा, इसमें हम किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे।

|| श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः ||

परमपदवास
(आचार्य तिरुवडी)



प.पू. श्री श्री श्री त्रिदण्डी
श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी
मठाधीश : श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा), सीतारामबाग

परम पूज्य स्वामीजी का सोमवार दि.17-6-2024 को परमपदवास (आचार्य तिरुवडी) हो गया है।
आज मंगलवार दि.18-6-2024 को प्रातः 10:30 बजे तक दर्शनार्थ रखा जायेगा।
मध्याह्न 12:15 बजे पूज्य स्वामीजी को श्री जगन्नाथ मठ में समाधीस्थ किया जायेगा।

– शोक संतप्त –
अच्युत रामानुजाचार्य स्वामी (अजय स्वामी)
उत्तराधिकारी – श्री जगन्नाथ मठ, माधवदास झीरा, सीतारामबाग, हैदराबाद ✆ 8099563154

श्री जगन्नाथ मठ, सीतारामबाग द्वारा संचालित
श्री जगन्नाथ सेवा समिति | श्री जगन्नाथ स्वामी वृद्धाश्रम | श्री जगन्नाथ स्वामी गो सेवा संस्थान | श्री जगन्नाथ भवन
श्री जगन्नाथ स्वामी गुरुकुल वेद विद्यालय | श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ समिति | श्री जगन्नाथ मठ परिवार
सीतारामबाग, हैदराबाद
श्री रंगनाथ स्वामी मन्दिर | श्रीमन्नारायण शरणागती आश्रम भैरमपुर रोड, नेमीशारण्य, जिला : सीतापुर (उ.प्र.)

|| श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः || श्री हरिः ||

# कांग्रेस के युवा नेता के खटाखट-खटाखट का झूठ पकड़ा गया : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, 17 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने और खटाखट स्कीम को लेकर जोरदार तंज कसा।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आईएएनएस से खास बातचीत में कर्नाटक सरकार के पेट्रोल-डीजल के दाम 3 और 3.5 रुपए बढ़ाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस ने फ्री की गारंटियां दी थी कि सालाना हर एक परिवार में एक महिला के खाते में एक लाख रुपये देंगे।

अगर 32 लाख परिवार है तो 32 लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, किससे उन्होंने सलाह ली थी या किसके कहने पर किया था। वो तो मैं नहीं कह सकता। लेकिन, इन्होंने ये जो निर्णय लिया है, उसका असर केवल ईंधन की कीमतों पर नहीं होगा, बल्कि ट्रांसपोर्टेशन महंगा होने की वजह से खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़ जाएंगे, मतलब, जो केंद्र सरकार ने काम किया, उस पर इन लोगों ने पानी फेर दिया। कांग्रेस के युवा नेता ने एक बार कह दिया खटाखट-खटाखट तो इन्होंने आते ही खटाखट तो कर दिया, पर युवा नेता को समझाना भूल गए कि जो उन्होंने झूठ बोला, वो भी पकड़ा गया।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों की दक्षिण एशियाई देशों से तुलना करेंगे तो ये सबसे नीचे है। 70 से 80 प्रतिशत का अंतर है। भारत के पेट्रोल-डीजल के दामों की तुलना अंतरराष्ट्रीय देशों, जिनमें यूके, अमेरिका, कनाडा हैं, से करेंगे तो यह भारत में सबसे कम मिलेगा। पिछले दो साल में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुए हैं, बाकि सभी जगह दाम 30-40 प्रतिशत बढ़े हैं।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पेट्रोल-डीजल के दामों की भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों से भी की।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Kalpana W/o N Ravi Kumar R/o H.No.26, Doveton Bazar, Bolararm, Sec-bad, T.S, 500010, have changed my name from **KALPANA** to **NACHARLA KALPANA**, vide affidavit dt.17-6-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, N Ravi Kumar R/o H.No.26, Doveton Bazar, Bolararm, Sec-bad, T.5, 500010, have changed my son's name from **RAKESH PAVITHRU** to **NACHARLA RAKESH PAVITHRU**, vide affidavit dt.17-6-2024.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, N Ravi Kumar R/o H.No.26, Doveton Bazar, Bolararm, Sec-bad, T.S, 500010, have changed my daughter's name from **N AWATHVIKA** to **NACHARLA SATHWIKA** and DOB from **25-11-2008** to **23-11-2008**, vide affidavit dt.17-6-2024.

### हरीश राव ने बीआरएस छोड़ने की खबरों को किया खारिज, कहा

# मैं केसीआर का वफादार सिपाही हूं



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बीआरएस के वरिष्ठ नेता और सिद्दीपेट विधायक टी हरीश राव ने सोशल मीडिया पर उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बीआरएस की कमान संभालेंगे या दूसरों के साथ शामिल होने के लिए पार्टी छोड़ देंगे। उन्होंने लोगों, विशेषकर मीडिया से आग्रह किया कि वे ऐसी दुर्भावनापूर्ण रिपोर्टें फैलाने से बचें।

सोमवार को तेलंगाना भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि मेरे जैसे नेता की विश्वसनीयता और वफादारी को नुकसान न पहुंचाए। मीडिया को अपनी खबरों को सनसनीखेज बनाने के लिए अपने यूट्यूब चैनलों पर ऐसे थंबनेल डालने से बचना चाहिए।

हरीश राव ने आगे कहा कि वह बीआरएस अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव के वफादार सिपाही हैं और उनके पार्टी छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने केटी रामा राव की जगह पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनने और भाजपा या कांग्रेस में शामिल होने की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बाद वह ऐसी दुर्भावनापूर्ण खबरें फैलाने वालों को कानूनी नोटिस भेजेंगे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे।पूर्व मंत्री ने मांग की कि राज्य सरकार तेलंगाना के लोगों को परेशान करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे और बीआरएस के खिलाफ कीचड़ उछालकर समय व्यतीत करने के बजाय उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेरोजगार युवाओं से संबंधित मुद्दों को हल करने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन न तो कांग्रेस और न ही एम कोदंडराम जैसे नेता उनकी दलीलों का जवाब दे रहे हैं। हरीश राव ने यह भी मांग की कि राज्य सरकार तुरंत नौकरी कैलेंडर की घोषणा करे और विभिन्न परीक्षाओं के बीच पर्याप्त अंतर सुनिश्चित करे ताकि उम्मीदवारों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार कांग्रेस द्वारा पहले किए गए वादे के अनुसार समूह- खख के लिए लगभग 2,000 नौकरियों और समूह- खखख के लिए लगभग 3,000 पदों को अधिसूचित करे, इसके अलावा प्रस्तावित 11,000 पदों के बजाय कुल 25,000 पदों के लिए डीएससी आयोजित करे।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने के आदेश जारी किए, हरीश राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को भी इसे दोहराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब आंध्र प्रदेश ऐसा कर सकता है तो तेलंगाना सरकार पेंशन क्यों नहीं दे सकती? बढ़ोतरी की तो बात ही छोड़िए, पिछले दो महीनों – अप्रैल और मई – से राज्य में वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन बकाया है। बीआरएस विधायक ने आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी शिक्षकों और ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्वच्छता कर्मचारियों के लंबित वेतन का मुद्दा भी उठाया। एनईईटी परीक्षा विवाद पर, हरीश राव ने कहा कि केंद्र को पेपर लीक की उच्च स्तरीय जांच का आदेश देकर सफाई देनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि केंद्र में भाजपा सरकार की अक्षमता के कारण 24 लाख से अधिक छात्र और उनके माता-पिता की रातों की नींद हराम हो रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्य सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना के बंडी संजय छात्रों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

## आसिफाबाद में बाघ परिवार की चलकदमी से स्थानीय लोगों में दहशत



**कुमरामभीम आसिफाबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कागजनगर मंडल के गोंधी गांव के पास कथित तौर पर एक बाघ अपने शावकों के साथ घूमता देखा गया, जिससे पिछले कुछ दिनों से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

स्थानीय लोगों ने कहा कि बाघ ने अपने शावकों के साथ जंगल के किनारे स्थित गांव के पास एक नहर के किनारे को अपना आश्रय स्थल बनाया और आसपास के क्षेत्र में घूम रहा था, जिससे किसान और स्थानीय निवासियों में दहशत है। उन्होंने कहा कि बाघों की आवाजाही के बाद वे खेत में काम करने से डर रहे हैं। उन्होंने वन अधिकारियों से बाघों को जंगलों की ओर मोड़ने और मनुष्यों और मवेशियों के नुकसान को रोकने के लिए समुचित कदम उठाने का अनुरोध किया।इस बाबत पूछे जाने पर जिला वन अधिकारी नीरज कुमार टेबरीवाल ने कहा कि रविवार तक गांव के बाहरी इलाके में कोई बाघ नहीं घूम रहा था। हालांकि, उन्होंने कहा कि रिपोर्ट की जांच के लिए विभागीय कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। हालांकि, पर्यावरणविदों ने बाघों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि वन अधिकारियों को बाघों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए। शिकार सुनिश्चित करने के अलावा फील्ड कर्मचारियों को तैनात करके बाघों की गतिविधियों पर नज़र रखी जानी चाहिए। अन्यथा, बाघों को शिकारियों से खतरा होगा। हाल ही में, इस क्षेत्र के जंगलों में दो बाघों की मौत हो गई, जो खराब बाघ संरक्षण को उजागर करता है।

## होटल की छठी मंजिल से कूदकर छात्र ने की आत्महत्या

**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बीती रात्रि को माधापुर के अयप्पा सोसाइटी इलाके में यूपीएससी की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। पीड़ित की पहचान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर निवासी साई (29) के रूप में हुई है, जिसने अयप्पा सोसाइटी के एक होटल की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। हाल ही में युवक ने सिविल प्रारंभिक परीक्षा दी थी और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, साई अपने चार दोस्तों के साथ होटल में ठहरा था। उन्हें इस घटना के बारे में पता नहीं था, क्योंकि साई कुछ समय से लापता था। पुलिस ने कहा, जब वे (दोस्त) कमरे में थे, तब वह लापता हो गया। बाद में, उन्होंने तेज आवाज सुनी और जांच करने गए, तो वह जमीन पर मृत पाया गया। माधापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया अस्पताल ले जाया गया है।

## मशहूर डिस्को जॉकी ड्रग मामले में गिरफ्तार



**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) के साथ मिलकर माधापुर पुलिस ने एक मशहूर डिस्को जॉकी को ड्रग मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर जांचकर्ता डीजे की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे थे। वह ड्रग्स लेने के बाद अक्सर माधापुर और गच्चीबावली के पबों में जाता था। वह जिन लोगों से मिलता था, उन पर भी नजर रखी जा रही थी। खुफिया जानकारी के आधार पर उन्होंने 16 लोगों को बुलाया जो ड्रग्स से जुड़े हैं और पब जाते हैं। उनका ड्रग सेवन के लिए परीक्षण किया गया और डीजे समेत दो लोगों में कोकीन और गांजा सेवन की पुष्टि हुई।

उन्हें हिरासत में ले लिया गया और माधापुर में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। टीजीएएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने आम जनता से ड्रग सप्लायरों से दूर रहने का आग्रह किया है क्योंकि वे पुलिस की निगरानी में हैं। टीजीएएनबी के अधिकारियों ने कहा, हम शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों और स्कूलों में ड्रग के खतरे से लड़ने के लिए भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में ड्रग विरोधी समितियों (एडीसी) को संदेह होने पर स्थानीय पुलिस या टीजीएएनबी को जानकारी देनी चाहिए।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की राजमुंदरी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा

## राजमुंदरी रेलवे स्टेशन का बड़े पैमाने पर किया जाएगा पुनर्विकास

**हैदराबाद, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) जोन ने राजमुंदरी रेलवे स्टेशन के लिए एक व्यापक पुनर्विकास योजना की घोषणा की है। स्टेशन, जो वर्तमान में प्रतिदिन 86 हॉल्टिंग, 3 आरंभिक और 3 टर्मिनेटिंग ट्रेनों को संभालता है, को क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अपग्रेड किया जाएगा। पुनर्विकास योजना की अनुमानित लागत 250 करोड़ रुपए है। पुनर्विकास योजना के तहत अगले 50 वर्षों की जरूरतों को पूरा करने वाली सुविधाओं से युक्त प्रतिष्ठित स्टेशन भवन तैयार किया जाएगा। जिसमें टर्मिनल बिल्डिंग को जोड़ने वाला विशाल कॉनकोर्स/रूफ प्लाजा, सभी आवश्यक सुविधाओं वाले प्लेटफार्म यानी फूड कोर्ट, रिटेल, एटीएम, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, किड्स प्ले जोन, फार्मेसी, इंटरनेट, वॉश रूम आदि होंगे। इसके अलावा शहर के दोनों किनारों का एकीकरण (पटरियों के दोनों किनारों पर स्टेशन भवन),दिव्यांगजन एवं वृद्ध नागरिक अनुकूल सुविधाएं। पर्याप्त सर्कुलेटिंग एरिया और ड्रॉप-ऑफ, पिक-अप और पार्किंग के लिए पर्याप्त प्रावधान। हरित भवन, ऊर्जा बचत, सौर पैनल, अग्निशमन, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल/तूफान जल का पुन: उपयोग और साइट पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन। एवं व्यावसायिक विकास हेतु स्थान का प्रावधान होगा। इसके साथ ही प्लेटफार्मों, ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा। वातानुकूलित वेटिंग लाउंज, एस्केलेटर और लिफ्ट



सहित यात्री सुविधाओं में वृद्धि की जाएगी। हरित भवन और ऊर्जा-कुशल प्रणालियों सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाएं और निगरानी प्रणालियां विकसित की जाएंगी। पुनर्विकसित स्टेशन को 2071-72 तक प्रति घंटे 9,533 और प्रति दिन 95,328 लोगों की अनुमानित संख्या को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा, जिससे यह एक विश्व स्तरीय परिवहन केंद्र बन जाएगा।राजमुंदरी, एक प्रमुख क्षेत्रीय परिवहन केंद्र और व्यापार केंद्र, को इस पुनर्विकास से काफी लाभ होगा। शहर के कपड़ा, कागज और तंबाकू उद्योगों के साथ-साथ इसके पर्यटन और सांस्कृतिक आकर्षणों को कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे का समर्थन मिलेगा। यह परियोजना क्षेत्र की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और उन्नयन के दमरे क्षेत्र के प्रयासों का हिस्सा है।




## अमरावती के विकास से संबंधित कार्य ढाई साल में पूरे जाएंगे : पी. नारायण



**अमरावती, 17 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में अमरावती के विकास से संबंधित कार्य ढाई साल में पूरे हो जाएंगे। यह बात नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास मंत्री पी. नारायण ने रविवार को अपना कार्यभार संभालने के बाद कही।

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सत्ता में वापस आने के साथ, अमरावती में काम फिर से शुरू होने वाला है, जहां 2019 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा तीन राज्य राजधानियों के निर्माण की अपनी योजना की घोषणा के बाद काम रुक गया था। तेदेपा, जो अपने सहयोगियों जन सेना और भाजपा के साथ सत्ता में आई है, ने स्पष्ट कर दिया है कि अमरावती को पहले की योजना के अनुसार एकमात्र राज्य की राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सचिवालय में पदभार संभालने के बाद पी. नारायण ने कहा कि अमरावती में काम जल्द ही फिर से शुरू होगा। हम 15 दिनों में समीक्षा करेंगे और एक समयबद्ध कार्यक्रम पर निर्णय लेंगे। उन्होंने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि अमरावती को पुराने मास्टर प्लान के रूप में विकसित किया जाएगा। नारायण ने कहा कि तीन चरणों में अमरावती के विकास पर 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आएगी।

पहला चरण पिछली टीडीपी सरकार द्वारा 48,000 करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया था। उन्होंने याद दिलाया कि राजधानी के एक बड़े हिस्से को कवर करने वाली बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और मंत्रियों, सचिवों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टरों के निर्माण के लिए काम करने के लिए निविदाएं बुलाई गई थीं। तत्कालीन सरकार ने 9,000 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया था। उन्होंने दावा किया कि मंत्रियों, सचिवों और अधिकारियों के आवासीय ब्लॉक से संबंधित 90 फीसदी काम पूरे हो गये हैं।

मंत्री ने कहा कि अमरावती को दुनिया की पांच सर्वश्रेष्ठ राजधानियों में से एक के रूप में डिजाइन किया गया है। यह डिज़ाइन सिंगापुर सरकार की सहायता से तैयार किया गया है। डिजाइन तैयार करने के लिए मंत्रियों और अधिकारियों की एक टीम ने सिंगापुर, चीन, जापान, रूस और मलेशिया का दौरा भी किया था। उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन सरकार ने राज्य की राजधानी के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण करने के लिए 1 जनवरी 2015 को एक लैंड पूलिंग अधिसूचना जारी की थी और 28 फरवरी तक किसानों ने बिना किसी मुकदमे के 34,000 एकड़ जमीन सरकार को सौंप दी थी। नारायण ने कहा कि चूंकि उन्होंने पिछली टीडीपी सरकार के दौरान राज्य की राजधानी के विकास के लिए विभिन्न अध्ययन करके अनुभव प्राप्त किया था, इसलिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक बार फिर उन्हें नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग सौंपा है। नारायण ने यह भी घोषणा की कि अगले 21 दिनों में 100 अन्ना कैंटीन फिर से खोले जाएंगी। ।

मंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने अन्ना कैंटीन पर पहली समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार खाद्य आपूर्ति का काम अक्षय पात्र फाउंडेशन को देने के प्रस्ताव की जांच करेगी। सरकार पूर्व में हुए समझौते और जारी आदेशों का अध्ययन कर रही है। फाउंडेशन ने बताया है कि वह तीन सप्ताह में कैंटीनों में भोजन की आपूर्ति शुरू करने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा कि पहले की तरह ये कैंटीनें पांच रुपए में भोजन उपलब्ध कराएंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.